बाबा श्री श्याम | by Rahul Joshi

श्याम तेरी मूरत मोहिनी खींचे मन तेरी और
मेरा मन तेरा हो गया, मेरा चले न इस पर ज़ोर

खाटूवाले श्याम तेरी जय जय
खाटूवाले श्याम तेरी जय जय

इस जीवन को संवार दो खाटूवाले श्याम
दुनिया सारी छोड़ के बाबा आया तेरे धाम
तेरी जय हो श्याम........
बाबा श्री श्याम ....

चलकर जो भी आये बाबा श्याम तुम्हारी नगरी में
भर जाती है उसकी झोली कृपा होती एक पल में
तेरी चौखट पे मैं आया हर लो कष्ट तमाम
तेरी जय हो श्याम........
बाबा श्री श्याम ....

जाने तेरी माहिम सारी दुनिया ये संसार
खाटूवाले शक्ति तेरी है कितनी अपार
लाखों नज़रें तुम पर टिकती आते खाटू धाम
तेरी जय हो श्याम........
बाबा श्री श्याम ....

तेरी एक झलक की खातिर भक्त हैं सारे आते
जो भी इस दुनिया से हारे तुम हारे के सहारे
एक नज़र किरपा की कर दो राहुल है निष्काम
तेरी जय हो श्याम........
बाबा श्री श्याम ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-rahul-joshi/